राष्ट्रीय सेवा योजना
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु
सिद्धार्थनगर– 272202 उ0प्र0 (भारत)

Website :www.suksn.edu.in, Email Id: nsssuk2018@gmail.com

पत्रांकः 770 /रा0से0यो0/सि0वि0वि0/2026 दिनांक 19/02/2026

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी,
सम्बद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना
सहायता प्राप्त अशासकीय, राजकीय, स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
जनपद–सिद्धार्थनगर, महराजगंज, संतकबीर नगर, बस्ती, श्रावस्ती, बलरामपुर।

विषय– ऑनलाइन बैकलाग प्रमाणपत्र निर्गत करने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना पोर्टल दिनांक 18–03–2026 तक खोले जाने के संबंध में सूचना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–496/सत्तर–रा0से0यो0को–2026 दिनांक 16 फरवरी, 2026 के सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से वर्ष 2022–23, 2023–24 2024–25 के ऑनलाइन बैकलॉग प्रमाणपत्रों को निर्गत किए जाने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना पोर्टल **दिनांक 18–03–2026 तक** के लिए इस शर्त के साथ पुनः खोला गया है कि **ऑनलाइन बैकलॉग प्रमाणपत्रों को निर्गत करने हेतु यह अंतिम अवसर है।**

उपरोक्त के सम्बन्ध में आप सभी प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारियों से अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय/इकाई से सम्बन्धित स्वयंसेवकों/स्वयंसेविकाओं के 02 वर्ष की अवधि में 240 घंटे का नियमित कार्यक्रम तथा विशेष शिविर कार्यक्रम पूर्ण होने पर वर्ष 2022–23 वर्ष 2023–24 तथा वर्ष 2024–25 का ऑनलाइन बैकलॉग प्रमाण–पत्र निर्गत किये जाने हेतु स्वयंसेवको/स्वयंसेविकाओं का डाटा उत्तर प्रदेश की **वेबसाइट uponlinenss.upsdc.gov.in** पर 10 मार्च, 2026 तक अपलोड करने का कष्ट करें, जिससे ससमय उनका प्रमाण–पत्र निर्गत किया जा सके।

संलग्नक–यथोक्त।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

Scanned with OKEN Scanner

ईमेल

संख्या- 496 /सत्तर-रा0से0यो0को-2026

प्रेषक,

डॉ0 मंजू सिंह,

विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य संपर्क अधिकारी,

एन0एस0एस0 प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1-समस्त कार्यक्रम समन्वयक एन0एस0एस0 से संबंधित विश्वविद्यालय।

2-समस्त उप शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) मण्डल, उ0प्र0।

उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग लखनऊः दिनांक 16 फरवरी, 2026

विषयः-ऑनलाइन बैकलाग प्रमाणपत्र निर्गत करने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना पोर्टल दिनांक 18-03-2026 तक खोले जाने के संबंध में सूचना।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के ऑनलाइन बैकलॉग प्रमाणपत्रों को निर्गत किए जाने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना पोर्टल दिनांक 18-03-2026 तक के लिए इस शर्त के साथ पुनः खोला गया है, कि संबंधित कार्यक्रम अधिकारी एवं कार्यक्रम समन्वयक समस्त बैकलॉग प्रमाण-पत्र निर्धारित अवधि में निर्गत कर अपनी रिपोर्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव/उप शिक्षा निदेशक, माध्यमिक मण्डल के माध्यम से शासन को उपलब्ध कराएंगे।

2- अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ऑनलाइन बैकलॉग प्रमाणपत्रों को निर्गत करने हेतु यह अंतिम अवसर है। कृपया अपने विश्वविद्यालय/मण्डल के समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन बैकलॉग प्रमाणपत्रों को निर्गत करने हेतु स्वस्तर से निर्देशित करते हुए दिनांक 20-03-2026 तक निर्गत किए गए ऑनलाइन बैकलॉग प्रमाणपत्रों का पूर्ण विवरण विश्वविद्यालय के कुलसचिव/उप शिक्षा निदेशक, माध्यमिक मण्डल के माध्यम से शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डॉ0 मंजू सिंह)

विशेष कार्याधिकारी एवं

राज्य संपर्क अधिकारी।

Scanned with OKEN Scanner

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. निजी सचिव, प्रमुख सचिव/विशेष सचिव।
3. निदेशक, उच्च शिक्षा, उ०प्र० प्रयागराज।
4. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, केन्द्रीय भवन, अलीगंज, लखनऊ।
5. श्री राजेन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ निदेशक (आई0टी0) एन0आई0सी0 लखनऊ।
6. कुलसचिव, एन0एस0एस0 से संबंधित समस्त विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(डॉ० मंजू सिंह)

विशेष कार्याधिकारी एवं

राज्य सम्पर्क अधिकारी।